## संक्षिप्त

### स्लोगन के द्वारा दिया तम्बाकू निषेध का संदेश

**टोंक।** जिले में चिकित्सा विभाग के तत्वावधान में विभिन्न विभागों की सहभागिता से चलाये जा रहे 60 दिवसीय टौबेको फ्री यूथ कैम्पेन 2.0 के तहत विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसके अंतर्गत गांव-गांव और ढ़ाणी-ढाणी में आशा सहयोगिनी व स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा सार्वजनिक स्थानों स्लोगन व नारा लेखन का कार्य किया जा रहा है। इनके जरिए आमजन को तम्बाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक कुमार यादव ने बताया कि टोबैको फ्री यूथ कैम्पेन 2.0 के अंतर्गत सार्वजनिक स्थलों पर दीवारों पर स्लोगन- नारा लेखन कर आमजन को तम्बाकू के दुष्प्रभाव के बारे में बताए जा रहे हैं। साथ ही शहरी क्षेत्र में महिला आरोग्य समिति और ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम जल स्वच्छता समितियों के माध्यम से घर-घर विजिट के दौरान तम्बाकू का प्रयोग करने वालों को तम्बाकू छोडने के लिये प्रेरित भी किया जा रहा है।

### महिला ग्रुप ने किया संतों का सम्मान

**मनोहरपुर ।** शेखावाटी के प्रसिद्ध संत कैलाशनाथ गुलाबनाथ जी आज समाजसेवी संतोष जांगिड़ के आवास पे पधारे वहां पे सभी के द्वारा संतों का सम्मान किया गया। संतोष जांगिड़ ने बताया कि रुकनसर में अभी नवनिर्मित गोशाला का जीणोद्धार और गोपुष्ठी यज्ञ का आयोजन किया गया था। संत गुलाबनाथ महाराज के भजन पूरे देश में ही प्रसिद्ध है। संत गुलाबनाथ महाराज ने कहा कि दुनिया में गौसेवा के बिना सब अधूरा है गावो विश्वस्य मातर: गौ सेवा परमो धर्म: का मतलब है कि गाय सेवा परम धर्म है. सनातन धर्म में गाय को माता का सम्मान प्राप्त है. वेद, स्मृति, और पुराणों में बताया गया है कि गाय में सभी देवी-देवताओं का वास होता है. गाय की सेवा करने से कई फ़ायदे होते हैं गाय की सेवा करने से सभी देवी-देवता प्रसन्न होते हैंगाय की सेवा करने से घर में सुख-समृद्धि आती है. इस में रमेश सैनी हरीश सैनी कमलेश कुमावत स्नेहलता कुमावत उपस्थित रहे।

### चुनाव समिति का गठन

**कोटपूतली।** स्थानीय अभिभाषक संघ की बैठक अध्यक्ष एड. दयाराम गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें उपाध्यक्ष सुशील यादव, सचिव हेमन्त शर्मा, कोषाध्यक्ष ज्योति शर्मा उपस्थित रहे। बैठक में अभिभाषक संघ के वार्षिक चुनाव सत्र 2024-25 के लिये चुनाव समिति के गठन का सर्वसम्मति से प्रस्ताव लिया गया तथा उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के आदेशानुसार चुनाव आगामी 13 दिसम्बर को सम्पन्न करवाया जायेगा। चुनाव समिति में मुख्य चुनाव अधिकारी एड. जितेन्द्र रावत एवं पांच सदस्य एड. शिवकुमार शर्मा, एड. इन्द्रपाल यादव, एड. रूपेश सेहरा, एड. विक्रम आर्य व एड. नीशू सैनी को शामिल किया गया।

### एक्सहिबिशन में स्टॉल लगा के हिस्सा लिया

**टोंक।** राजस्थान के माने हुए ब्राण्ड रामाज् कुर्तिस ने दुबई में सीएमएआई द्वारा चल रही एक्सहिबिशन में स्टॉल लगा के हिस्सा लिया, भारतीय वस्त्र निर्माता संघ देश में परिधान निर्माताओं और खुदरा विक्रेताओं का सबसे पुराना और शायद सबसे प्रतिष्ठित संघ है, जो परिधान उद्योग के सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व करता है। भारतीय परिधान उद्योग में कई विशिष्ट ब्रांड हैं, जिनकी ताकत रचनात्मकता, नवाचार और लचीलापन है। रामाज् कुर्तिस के डायरेक्टर महावीर टेलर का जुनून आकार के प्रति नहीं, बल्कि उत्कृष्टता के प्रति है।

### छः महिने से फरार आरोपी गिरफ्तार

**मालपुरा ।** लाम्बाहरिसिंह थाना पुलिस ने एनडीपीएस मामले मे विगत छः माह से फरार एक आरोपी को किया गिरफ्तार। थानाधिकारी मुकेश चौधरी ने बताया कि लाम्बाहरिसिंह थाने मे दर्ज प्रकरण मे फरार चल रहै आरोपियो की गिरफ्तारी को लेकर चलाये जा रहै अभियान के तहत विशेष टीम ने कार्यवाही करते हुये रामचन्द्र जाट पुत्र रतना उर्फ रतनलाल जाट निवासी कुम्हारिया थाना पचेवर को मुखबीर की सुचना पर हिरासत मे ले गिरफ्तारी की कार्यवाही की गई। आरोपी विगत छः माह से फरार चल रहा था।

# रामगढ़ चुनाव में वोटरों में दिखा उत्साह, 75.27 प्रतिशत हुआ मतदान

**अलवर।** रामगढ़ में आज सम्पन्न हुए उप चुनाव में करीब 75.27 प्रतिशत मतदान हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आर्तिका शुक्ला ने शान्तिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने एवं सहयोग देने के लिए समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों व विभिन्न राजनैतिक उम्मीदवारों, अभिकर्ताओं एवं जागरुक मतदाताओं का आभार प्रकट किया हैं।

जिला प्रशासन की ओर से शान्तिपूर्ण मतदान के लिए पुलिस का भारी बन्दोबस्त किया गया था। मतदान सुबह 7 बजे से सांय 6 बजे तक शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न हुआ। प्रात: 9 बजे तक 14.64 प्रतिशत, 11 बजे तक 28.97 प्रतिशत, 1 बजे तक 45.4 प्रतिशत, 3 बजे तक 60.74 प्रतिशत, 5 बजे तक 69.45 प्रतिशत एवं मतदान हुआ। महिला व पुरुष शान्तिपूर्ण मतदान के लिए लाईन में लगे हुए थे। मतदान को लेकर युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। जिला प्रशासन की ओर से छाया, पानी बैठने की प्रत्येक मतदान केन्द्र पर व्यवस्था की गई थी ।



रामगढ़ चुनाव में ग्रीन मतदाता बूथ रहा आकर्षण का केंद्र नव विवाहित दूल्हा दुल्हन ने किया मतदान।

**प्रशासन व पुलिस रहा चाक-चौबंद:-** रामगढ़ में संपन्न हुए चुनाव में प्रशासन व पुलिस ने चाक-चौबंद रहकर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की। इस दौरान जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक संजीव नैन ने प्रभावी मॉनिटरिंग की। जिला मुख्यालय से सभी 284 मतदान केंद्रों का लाइव टेलिकास्ट के माध्यम से मतदान प्रक्रिया पर पैनी नजर रखी गई। मतदान दिवस पर मतदाताओं के लिये मतदान केंद्र पर छाया,पानी, बैठने के साथ व्हीलचेयर आदि की माकूल व्यवस्था सुनिश्चित की गई। निष्पक्ष, भयमुक्त व शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिस जाब्ता तैनात किया गया। ईको फ्रेंडली व ग्रीन मतदान केंद्र रहे आकर्षण का केन्द्र भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन पर जिला प्रशासन द्वारा नवाचार करते हुए रामगढ़ विधानसभा उप चुनाव में 10 मतदान केंद्रों को ईको फ्रेंडली व ग्रीन मतदान केंद्र बनाया गया जहां सभी प्रकार की इको फ्रेंडली सामग्री का उपयोग किया गया

- प्रशासन रहा मुस्तैद शांतिपूर्ण और भयमुक्त हुआ मतदान
- मतदान केंदो पर हुई लाइव वेबकास्टिंग हुई

जिसमें खाने के पैकेट, पेयजल पॉइंट आदि के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वेस्ट सामग्री का उपयोग करते हुए प्रवेश द्वार बनाए गए जो काफी आकर्षण का केंद्र रहे। इन मतदान केंद्रों पर सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग नहीं किया गया। पहली बार मतदान कर करने वाले मतदाताओं व अन्य मतदाताओं ने मतदान केंद्र परिसर में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### स्टेट हाईवे पर ब्रेकर लगाने की मांग को लेकर प्रदर्शन

**टोंक।** पीपलू उपखंड क्षेत्र के ग्राम डारडातुर्की में बुधवार सुबह करीब 10.00 बजे ग्रामीणों ने स्टेट हाईवे 117 पर ब्रेकर लगाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। यशोदा प्रजापत के नेतृत्व में ग्रामीण महिलाओं व पुरुषों ने डारडातुर्की में स्टेट हाईवे पर वाहनों की तेज गति से होने वाली दुर्घटनाओं के चलते प्रदर्शन करते हुए शीघ्र आबादी क्षेत्र में ब्रेकर लगाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि स्टेट हाईवे 117 पर तेज गति से निकलने वाले वाहनों से आए दिन दुर्घटनाएं होती है तथा ग्रामीणों को दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए प्रशासन से शीघ्र ब्रेकर लगाने की मांग की है। सूचना पर सरपंच अब्दुल करीम, बरौनी थाना प्रभारी मानवेंद्र सिंह मय जाप्ता के मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से समझाइए की। थाना प्रभारी ने बताया कि आरएसआरडीसी को ब्रेकर की समस्या से अवगत करवाया दिया गया है।

## पेंशनर्स का दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**फुलेरा ।** कस्बे के गणगौरी बाजार स्थित श्रीरामद्वारा भवन सभागार में पेंशनर समाज उपशाखा फुलेरा का दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजन जयपुर जिला ठाामीण के उपाध्यक्ष व उपशाखा फुलेरा के अध्यक्ष शाक्तसिंह की अध्यक्षता एवं प्राचार्य राजेन्द्र सिंह चौधरी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी पेंशनर्स ने एक-दूसरे के गले लगकर दीपावली की शुभकामनायें दी।

पेंशनर समाज के भंवर लाल कुमावत ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में उपस्थित सभी पेंशनर्स के जीवित प्रमाण पत्र डिजिटल व मेन्युअल माध्यम से अपडेट किये गये। साथ ही फ़ैमिली पेंशनर व अन्य पेंशनर्स को भी चिह्नित कर उनके जीवित प्रमाण पत्र भी अपडेट किये गये। वहीं कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष द्वारा हाल ही में बस्सी



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पेंशनर्स ।

में आयोजित प्रथम जिला अधिवेशन की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। साथ ही सभी सदस्यों से संगठन की समस्त गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने आहवान किया गया। इसी क्रम में पेंशन निर्देशक डॉ. देवराज द्वारा बताई गयी अद्यतन जानकारी से सदन को अवगत करवाया गया। इसके अलावा पेंशनर्स के आरजीएचएस योजना में आ रहे गतिरोध पर भी विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही अन्य समस्याओं को भी रेखांकित कर समाधान करना सुनिश्चित किया गया। इसके अलावा नये सदस्यों का रजिस्ट्रेशन कर संगठन और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यकारणी का विस्तार करते हुए प्राचार्य रमेश गोठवाल को संयुक्त सचिव का दायित्व दिया गया। कार्यक्रम के दौरान ओमप्रकाश शर्मा, लक्ष्मी नारायण सैनी,

- राजस्थान पेंशनर समाज की बैठक में एस.एस.ओ. आईडी के माध्यम से जीवित प्रमाण-पत्र अपडेट

रमेश शर्मा, एकाउंट्स ऑफिर दामोदर मण्डावरिया, वैद्य रामवतार गुप्ता, व्याख्याता रामविलास कुमावत, सब-स्पेक्टर विमला शर्मा, जगदीश, नाथुलाल महावर, गंगाकाशी जाट, प्रताप सिंह, रामपाल कुमावत, रतन काला कन्हैया लाल, मोहन कुमावत, नीरज तिवाडी, कुंवर सिंह, सिलविया जार्ज आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। इसी क्रम में अनिल माहेश्वरी व0अ0 ने अपनी एस.एस.ओ. से सभी पेंशनर्स के जीवित प्रमाण पत्र अपडेट किया। इस अवसर पर अनेक पेंशनर्स उपस्थित रहे।

### आत्म जागृति के लिए आध्यात्मिकता का संदेश दे रहा सिंधी समाज



सांभर में प्रभात फेरी के जरिए नाचते गाते भक्त ।

**सांभरझील।** करीब तीन दशक पहले जयपुर स्थित सिंधी समाज अमरापुर के एक संत की ओर से पौराणिक धार्मिक नगरी सांभर झील में आध्यात्मिकता का संदेश प्रसारित कर आत्म जागृति के उद्देश्य से शुरू की गई प्रभात फेरी की निरंतरता को कायम रखते हुए यहां के सिंधी समाज के लोगों की तरफ से सुबह 5:00 बजे से पहले नगर के प्रमुख रास्तों व अनेक मोहल्ले से होते हुए प्रभात फेरी निकालकर आज भी इस परंपरा का निर्वहन किया जा रहा है।

खास बात यह है कि प्रभात फेरी में प्रभु श्री राम व राधा कृष्ण पर आधारित भजनों के अलावा सांई झूलेलाल, बजरंगबली के भजनों की भी प्रस्तुतियां पेश की जाती है। ढोलक, मंजीरा और हारमोनियम की मधुर धुनो के साथ भक्ति भावना से सरोबार नाचते गाते इस प्रभात फेरी में बच्चों के अलावा अच्छी खासी संख्या में महिलाएं बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती हैं। प्रभात फेरी में सिंधी समाज के अलावा इसमें अन्य समाज के लोग भी साथ नाचते गाते चलते हैं।

प्रभात फेरी गुरुद्वारा भी पहुंचती है और झूलेलाल मंदिर में जाकर पूजा अर्चना के बाद संपन्न होती है। भक्तों की ओर से पुष्प वर्षा के साथ इन भक्तों की टोली का अभिनंदन किया जाता है।

बता दे की इन भक्तों की टोली में शामिल भजन कीर्तन करने वाले सभी भक्त सांभर में ही अपनी व्यापारिक गतिविधियों को संचालित करते हैं तथा भक्ति भावना से ओतप्रोत संदेश प्रसारित कर सभी को सकारात्मकता का संदेश भी देते हैं।

## देवउठनी से दिसंबर तक शहनाइयों की गूंज, अगले दो महीने में होंगी शादियां

**पावटा।** देवउठनी एकादशी मंगलवार से विवाह व गृह प्रवेश सहित अन्य मांगलिक कार्यों की शुरुआत होगी। साथ ही इस दिन मंदिरों में भगवान सालिगराम और तुलसी का विवाह भी होगा।-त्योहारी सीजन के बाद अब शादी-ब्याह को लेकर घर से बाजार तक तैयारियां हो रही है। बाजार में खरीदारी परवान पर है। राजधानी में नवंबर और दिसबर में अधिक से अधिक शादियां होने का अनुमान है। इसे लेकर मैरिज गार्डन, होटल, रिसोर्ट आदि बुक हो चुके

- देवउठनी एकादशी पर शादी समारोह सहित अन्य मांगलिक आयोजन शुरू, बाजारों में फिर से लौटी रौनक

हैं। व्यापारियों को दिसंबर तक शादी-ब्याह को लेकर अच्छा कारोबार होने की उमीद है। देव शयन के चार महीने बाद कल पहला स्वयंसिद्ध अबूझ मुहूर्त है। इसके साथ ही शादी-ब्याह व अन्य मांगलिक कार्य भी शुरू हो जाएंगे। वहीं 15 दिसंबर को सूर्य के धनु राशि में प्रवेश करने के साथ ही धनु मलमास लग



बाजार में खरीददारों की भीड़।

जाएगा। इसके बाद अगले साल 14 जनवरी को सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने के साथ ही फिर से मांगलिक कार्य शुरू हो पाएंगे। कार्तिक माह की देवउठनी एकादशी को अबूझ मुहूर्त में सोमवार को पावटा उपखण्ड क्षेत्र में शादि विवाह समारोह को लेकर टैण्ट, हलवाई, बैण्ड, घोडी, फोटोग्राफर, गाडियों सहित बाजारों में अच्छी चहल-पहल नजर आ रही है। वही ग्रीन पार्क मैरिज होम संचालक रामजीलाल ओला व होली डे फन होटल गोपाल अग्रवाल, राम पैलेस होटल रामसिंह सैनी ने बताया कि उसकी बुकिंग एक माह पहले ही हो चुकी है। शादी विवाह समारोह की तैयारियों को लेकर मंगलवार को विवाह बंधन में बंधने वाले दूल्हे व दुल्हनों के साथ महिलाओं ने मंगल गीत गाए और रात्रि में निकासी निकाली गई। इस बार देवउठनी एकादशी पर क्षेत्र में शादि विवाह लगभग सभी गाँवों में होने के चलते बाजारों में अच्छी खासी चहल-पहल रही। व्यापारी मनोज मित्तल, गिरधारी गोयल, महेंद्र गोयल, नवल गोयल, संतोष गुप्ता, विवेक गोयल, अशोक गुप्ता, सुरेश बबेडी, राजू सैनी, सुभाष यादव, दिनेश शर्मा, महेंद्र सैनी, कैलाश यादव, रामकुवार मंगल, पंकज जिंदल, शिव शंकर, सुंदर राठी, भीम सिंह राठी, ने बताया कि पर बाजार में खरीददारों की भीड दिखने लगी है।

## उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित

**कोटपूतली।** उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों की बैठक पंचायत समिति सभागार में विधायक हंसराज पटेल के मुख्य आतिथ्य एवं एसडीएम बृजेश चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विधायक पटेल ने विभिन्न विभागों के कार्यो एवं गतिविधियों की समीक्षा करते हुये आवश्यक दिशा निर्देश दिये। विधायक ने कहा कि फसलों की बुवाई के समय को देखते हुये किसानों को उचित समय पर पर्याप्त बिजली व खाद्य उपलब्ध करवाई जायें। स्वयं एसडीएम इसकी प्रभावी मॉनीटरिंग करें।

विधायक ने कहा कि लम्बित घरेलू व कृषि बिजली कनेक्शनों को जल्द से जल्द जारी किया जायें। साथ ही जो भी विधुत लाईनें क्षतिग्रस्त है, उनकी मरम्मत हो एवं खराब पड़े विधुत ट्रांसफार्मरों को भी दुरूस्त किया जायें। साथ ही निर्माणाधीन चिमनपुरा रोड़ व नारेहड़ा-पनियाला बाईपास पर सडक के बीच खड़े विधुत पोलों को तीन दिवस



बैठक पंचायत समिति सभागार में विधायक हंसराज पटेल के मुख्य आतिथ्य एवं एसडीएम बृजेश चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

में हटाने के निर्देश भी दिये। चिकित्सा विभाग की व्यवस्थाओं पर चर्चा करते हुये विधायक पटेल ने मौसमी बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण करने के निर्देश दिये। उन्होंने राजीव गाँधी मोबाईल यूनिट (एमएमवी) को दूरस्थ गाँवों में जहाँ चिकित्सा सुविधा कम हो वहाँ कैम्प लगाकर ग्रामीणों को राहत देने के निर्देश दिये। उन्होंने कोटपूतली में स्वीकृत जनता क्लिनिक की जगह चिन्हित कर जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश दिये। पटेल ने कानून व्यवस्था को और मजबुत करने के निर्देश देते हुये सर्दी के मौसम को देखते हुये रात्रि गश्त बढ़ाने की बात कही।

उन्होंने कस्बे की बदहाल सफाई व्यवस्था पर नाराजगी जाहिर करते हुये नगरपरिषद आयुक्त धर्मपाल जाट को वर्तमान ठेकेदार का टेंडर रद्द कर दूसरे ठेकेदार को टेंडर जारी करने के निर्देश दिये। वहीं शराब ठेकों पर निर्धारित समय के बाद शराब का विक्रय ना हो इस पर सख्ती से लगाम लगाने के निर्देश दिये। ताकि नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर काबू पाया जा सकें। डीएसपी व सूचना सम्पर्क कार्यालय को शहर में 100 सीसीटीवी कैमरे लगाकर कानून व्यवस्था पर प्रभावी नियंत्रण करने के निर्देश दिये। पटेल ने पूतली कट से उमराव सिनेमा तक सडक के निर्माण हेतु सर्वे करवाकर टेंडर जारी करने के निर्देश दिये। साथ ही चतुर्भुज, बामनवास सडक पर अतिक्रमण हटाकर निर्माण के निर्देश दिये।

- विधायक हंसराज पटेल ने की विभिन्न विभागों के कार्यो की समीक्षा, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

### दुल्हन- दूल्हा पोलिंग बूथ पहुंचा

**अलवर।** राजस्थान में उपचुनाव के लिए आज 7 विधानसभा सीटों पर मतदान हुए जिसकी कई तस्वीरें और वीडियो सामने आए। इन वीडियो में दूल्हा-दुल्हन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वायरल हो रहे वीडियो में दूल्हा और अन्य युवक दुल्हन का भारी-भरकम शादी का लहंगा पकडक़र दुल्हन को मतदान केंद्र तक ले जाते दिख रहे हैं। वायरल वीडियो को राजस्थान सरकार के सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के सोशल मीडिया हैंडल पर भी शेयर किया गया है। वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन दिया है 'राजस्थान विधानसभा उपचुनाव-2024, पहले मतदान से लोकतंत्र में भागीदारी, फिर उठी डोली।' बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो रामगढ़ विधानसभा के नौगांवा गांव का है। जहां नई नवेली दुल्हन अपने दूल्हे के साथ वोट डालने पहुंची। लहंगा भारी होने के कारण दूल्हा लहंगा उठाकर दुल्हन की मदद करता नजर आ रहा है। दुल्हन देवउठनी एकादशी पर शादी के बाद आज दुल्हन ससुराल जाने वाली थी। इससे पहले वो अपने पति के साथ पोलिंग बूथ पर पहुंची और वोट डालकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## सार-समाचार

### छात्रा का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन



**मालपुरा ।** बालिका आदर्श विद्या मंदिर मालपुरा की खिलाडी छात्रा वैदिका शर्मा पुत्री मनीष शर्मा का राष्ट्रीय बैडमिन्टन प्रतियोगिता के लिये हुआ चयन। संस्था प्रधान सुरज मल शर्मा ने बताया कि बैडमिन्टन प्रतियोगिता मे शानदार खेल प्रदर्शन के चलते विद्यालय की छात्रा वैदिका शर्मा का 68वीं राष्ट्रीय बैडमिन्टन प्रतियोगिता के लिये चयन किया गया है एवं 16 से 21 नवम्बर तक भोपाल मे आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे शामिल होने से पूर्व बुधवार को विद्यालय परिवार के व्यवस्थापक अरविन्द कुमार टेलर,एडवोकेट शशि जैन,सोमदत्त शर्मा,मनीष शर्मा,टीम प्रभारी विमला शर्मा,आदि ने छात्रा को बधाई दे राष्ट्रीय स्तर पर ही विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन करने की दी अग्रिम शुभकामना।

### पांच वर्षीय बच्चे की गला घोटकर हत्या, जंगल में मिला शव

**जयपुर।** कानोता इलाके में एक पांच वर्षीय बच्चे का अपहरण करने के बाद गला घोंट कर हत्या कर शव को जंगल में फेंक दिया गया। बताया जा रहा है कि बच्चे के परिजनों ने मंगलवार रात को उसकी गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। इस मामले में पुलिस ने बच्चे के मामा को गिरफ्तार कर लिया है। हत्याकांड में बच्चे की मां के रोल को लेकर पुलिस जांच में जुटी है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि कानोता निवासी पांच वर्षीय अंकुश मीणा मंगलवार को अचानक घर से लापता हो गया था। देर शाम तक बच्चे को परिजन खोजते रहे। नहीं मिलने पर थाने पहुंच कर बच्चे की गुमशुदगी दर्ज करवाई। इस पर पुलिस ने आनन-फानन में तलाश शुरू की। बच्चे को लेकर पुलिस घर और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। बच्चे को अंतिम बार उसके मामा के साथ देखा गया था। शंका के आधार पर पुलिस ने बच्चे के मामा को पकड़ कर पूछताछ की। पूछताछ में मामा ने पुलिस को बताया कि उसने बच्चे के हाथ-पांव बांध रखा है और उसका गला दबा दिया। इससे उसकी मौत हो गई। मामा की निशानदेही पर शव को केशव विद्यापीठ के जंगल से बरामद कर लिया गया। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व ने बताया कि बच्चे के शव को बरामद कर लिया गया है। गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम होगा। बच्चे के गले पर चोट के निशान मिले है। बच्चे की हत्या में उसकी मां का भी रोल हो सकता है। इसकों लेकर जांच की जा रही है। बच्चे के मामा परसादी लाल मीणा को पकड लिया गया है और उसकी निशानदेही पर बच्चे के शव को बरामद किया गया है।

### श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**पावटा।** कर्म जोहडा रामपुरा खुर्द, बजरंगपुरा आंतेला में नवनिर्मित मंदिर में श्री श्री 1008 भगवान दास महाराज, श्री श्री 1008 भरत दास महाराज, श्री श्री 1008 गोपाल दास महाराज की असीम अनुकंपा व श्री श्री 108 महंत मंगल दास महाराज के सानिंध्य एवं संत रघुनाथदास महाराज, जयरामदास महाराज, विशम्भबरदास महाराज, रामशरणदास महाराज, शिवदयालदास महाराज, राधेश्यामदास महाराज की उपस्थिति मे 15 नवंबर शुक्रवार को प्रात: 8.15 बजे से कलश यात्रा द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए 21 नवंबर गुरुवार तक, प्राण प्रतिष्ठा वश्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञानयज्ञकार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, यज्ञ आयोजन, भागवत कथा व सात दिवसीय पतंजलि योग शिविर का भी आयोजन होगा। श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञानयज्ञ के तहत महंत श्री सुदर्शनदास महाराज वृन्दावन धाम के सानिध्य में श्रीमद भागवत कथा का वाचन सात दिनों तक किया जाएगा। वही 21 नवंबर गुरुवार को दोपहर 1.15 विशाल भंडारा प्रसादी का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न भजन किर्तन सत्संग प्रवचन भी होंगे। विशिष्ठ अतिथियों का आगमन भी कार्यक्रम में होगा। समिति के द्वारा समस्त श्रद्धालुओं को भव्य महा आयोजन में आमंत्रित किया गया है।

### चोराहों पर बढ़ते अतिक्रमण पर शिकंजा कसना शुरू

**पावटा।** पावटा प्रागपुरा नगरपालिका ने शहर की सड़कों व मुख्य बाजारों पर बढ़ते अतिक्रमण करने वालों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। नपा ने शहर की प्रमुख सड़कों व मुख्य बाजारों, चौराहों से अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया। प्रथम चरण में अतिक्रमण करने वालों को केवल चेतावनी देकर जागरूक होने की सलाह दी गई थी, लेकिन अब नपा ने सामान जप्त की प्रक्रिया शुरू कर दी है। शहर की सड़कों, मुख्य बाजारों, चौराहों पर बढ़ रहे अतिक्रमण के कारण जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। इससे वाहन चालकों व राहगीरों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। नपा की ओर से अतिक्रमण करने वालों को पहले चेताया जा चुका है, लेकिन अब अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। नपा ईओ फतेहसिंह ने कहा कि अतिक्रमण करने वालों को किसी भी सूरत में माफ नहीं किया जाएगा। नपा की टीम द्वारा कई दुकानों पर कार्रवाई करते हुए बाहर रखे गए सामान को जब्त किया गया है। नालों या फुटपाथ के आगे रेहड़ी लगाने वालों पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है। यदि कोई चिंहित रेखा के बाहर रेहड़ी लगाता पाया गया तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

### वोटिंग प्रभावित करने के आरोप में चार लोग हिरासत में

**अलवर।** गोविन्दगढ़ के रामबास गांव स्थित महात्मा गांधी विद्यालय मतदान केंद्र बूथ संख्या 240, 242, 243 पर एसयूवी गाड़ी में आए चार लोगों को मतदान प्रभावित करने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि ये लोग उन्हें धमका रहे थे। पुलिस को गाड़ी से प्रचार सामग्री भी मिली है।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि चार लडक़े काले रंग की एसयूवी में 12.30 बजे गांव पहुंचे। गाड़ी में एक पार्टी का दुपट्टा रखा हुआ था। ये लोग मतदान को प्रभावित करने के लिए मतदाताओं को धमका रहे थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद थाना अधिकारी नेकीराम मौके पर पहुंचे और उन्होंने वहां से चारों लडक़ों को डिटेन किया। साथ ही गाड़ी को भी जब्त किया गया।थानाधिकारी नेकी राम ने बताया कि हमने बाहर से आए चार लोगों को डिटेन है। वोटर है या नहीं है, हम इनका सत्यापन कर रहे हैं। सूचना मिली थी कि यह लोग यहां पर मतदान को प्रभावित कर रहे थे। वहीं बारोली मे बूथ संख्या 260 शाकीपुर पर भी तीन लोगों को फर्जी मतदान करने के आरोप में डिटेन किया गया है।

### घायल ने इलाज के दौरान दम तोड़ा

**सावरदा।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 पर गिदानी के पास संचालित एक ढाबे पर मामूली कहासुनी के बाद झगड़े में सिर पर चोट लगने के बाद घायल व्यक्ति सुरेश बाना पुत्र नाथुराम बाना न जयपुर के एक निजी अस्पताल में ईलाज के दौरान दम तोड़ दिया । प्राप्त जानकारी के अनुसार दिपावली के दो दिन बाद भैया दुज को मामा भांजा होटल पर मामुली सुरेश अपने कुछ साथियो के साथ खाना खाने गए थे । जहां होटल संचालको व सुरेश बाना के साथियो के साथ मामुली कहासुनी हो गई , जहां मौजुद सद्दाम , फजलुदीन , व अनीष मे किसी एक ने होटल पर खाना खाने के लिए काम मे लिए जाने वाले लकड़ी के फंटे से सुरेश के सिर पर वार कर दिया । जिसके चलते चोट लगते ही सुरेश बाना अचेत होकर नीचे गिर गया । सुचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायल सुरेश को जयपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां ग्यारह दिन बाद लगातार अचेत चल रहे सुरेश ने बुधवार को तड़के दम तोड़ दिय, शव को घर पहुंचते ही पत्नि गीता पुत्री प्रिंयका व पुत्र का हाल बेहाल हो गया , जहां मौके पर मौजुद ग्रामीणों ने शोक संतप्त परिजनों को धाधस बंधाया।